लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 32

2 फरवरी, 2017 को उत्तर दिए जाने के लिए

अन्तर्राष्ट्रीय वस्त्र ब्रान्ड

32. श्री प्रहलाद सिंह पटेलः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार "मेक इन इंडिया" पहल के अंतर्गत देश में वस्त्र इकाइयों की शुरुआत करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय वस्त्र ब्रान्डों को प्रोत्साहन देने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार "मेक इन इंडिया" पहल के अंतर्गत मूल्यवर्धित वस्त्र उत्पादों के विनिर्माण हेतु अन्तर्राष्ट्रीय वस्त्र ब्रान्डों को प्रोत्साहन देने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कितने ब्रान्डों ने देश में कार्य करना चालू कर दिया है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (घ): वस्त्र क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने स्वचालित मार्ग के माध्यम से 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति प्रदान की है। इसके अतिरिक्त सरकार, देश में वस्त्र श्रृंखला के विभिन्न सेगमेंटों और वस्त्र कलस्टरों में मूल्य वर्द्धित वस्त्र उत्पादों के विनिर्माण के लिए विभिन्न प्रोत्साहन और योजनाओं की पेशकश करती है। इसमें एकीकृत वस्त्र पार्क जैसी अवसंरचना योजनाएं शामिल होती हैं जिसके तहत विनिर्माण इकाइयां, विशेष प्रयोजनतंत्र/प्रमोटर्स के साथ मिलकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भी स्थापित की जा सकती है। इस योजना ने कुछ विदेशी निवेश आकर्षित किया है।

****